# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (12 February)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-february-12

- भारत और रूस पहली बार **डिग्री और डिप्लोमा** की मान्यता के लिये समझौता करने जा रहे हैं। दोनों देशों के संसदीय मैत्री समूह इसके लिये बिंदुवार चर्चा कर रहे हैं। गौरतलब है कि बहुत से ऐसे भारतीय जो खासतौर से मेडिकल की पढ़ाई करने रूस जाते हैं, उनका भविष्य दोनों देशों के बीच डिग्री और डिप्लोमा की मान्यता को लेकर कोई समझौता न होने से प्रभावित हो जाता है। इसके लिये दोनों देश पिछले कई वर्षों से बातचीत कर रहे हैं, लेकिन इसे समझौते का रूप नहीं दिया जा सका। अब दोनों देशों की सरकारों के प्रतिनिधि मसौदे पर बिंदुवार चर्चा कर रहे हैं जिससे समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके।
- भारत सहित कई अन्य देशों के शोधकर्त्ताओं ने मिलकर एक ऐसा **आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस प्रोग्राम** बनाया है, जिसकी सहायता से अतिसूक्ष्म समुद्री जीवों की प्रजातियों की पहचान कर उनके बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। इस प्रोग्राम को रोबोटिक सिस्टम में फिट किया जाएगा जिससे महासागरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में आसानी होगी। इससे वर्तमान और प्रागैतिहासिक अतीत के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। माना जाता है कि समुद्र में अभी भी बहुत से ऐसे जीव हैं जिनके बारे में मनुष्यों को कुछ पता नहीं है।
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने उत्तराखंड में गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार से होकर विश्व प्रसिद्ध **जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क** की जंगल सफारी के अनुमति दे दी है। इसके लिये कोटद्वार के पाखरो गेट को मंज़ूरी मिली है, जो जिम कॉर्बेट की जंगल सफारी का नया इको-टूरिज़्म ज़ोन होगा। पाखरो का यह बफर ज़ोन 1771.50 हेक्टेयर का होगा और इसमें गुज्जर स्रोत, धौलखंड, कालू शहीद का पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र शामिल है। इससे कॉर्बेट पार्क के कोर क्षेत्र पर पर्यटकों का दबाव कम होगा और उत्तराखंड के रामनगर से होने वाले प्रवेश के अलावा एक अन्य वैकल्पिक प्रवेश द्वार मिल जाएगा।
- प्रख्यात भारतीय इतिहासकार संजय सुब्रमण्यम को इज़राइल के प्रतिष्ठित **डेन डेविड पुरस्कार** के लिये चुना गया है। प्रारंभिक आधुनिक युग के दौरान एशियाई, यूरोपीय और उत्तर एवं दक्षिण अमेरिका के लोगों के बीच अंतर-सांस्कृतिक संपर्क पर काम करने के लिये उन्हें 2019 के डेन डेविड पुरस्कार के लिये चुना गया है। उन्होंने वृहद् इतिहास में अपने काम के लिये ‘अतीतकालीन आयाम’ श्रेणी में यह अवॉर्ड जीता है। संजय सुब्रमण्यम इस अवार्ड को शिकागो यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर केनेथ पोमेरांज के साथ साझा करेंगे। इस अवार्ड के साथ इतिहासकारों को 10 लाख डॉलर भी दिये जाते हैं। महत्त्वपूर्ण वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय एवं मानवतावादी उपलब्धियाँ हासिल करने वालों को अंतर्राष्ट्रीय डेन डेविड पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।
- माइक्रोसॉफ्ट के ग्लोबल कम्पटीशन में 17 देशों की सैकड़ों टीमों को पीछे छोड़ते हुए जो 12 टीमें फाइनल में पहुँची हैं उनमें तीन भारतीय टीमें हैं। **Most Original Technology Solutions** पेश करने के लिये एक लाख डॉलर इनामी राशि वाले कम्पटीशन का फाइनल अमेरिका में होगा। पुरस्कार राशि के साथ ‘इमेजिन कप’ नामक ट्रॉफी भी दी जाएगी। एशियाई क्षेत्र के लिये कम्पटीशन का फाइनल सिडनी में हुआ था। इस कम्पटीशन की शुरुआत में 20 लाख भागीदार शामिल थे।

- मेक्सिको के फिल्म निर्माता अल्फोंसो कुरों की फिल्म **रोमा** और योर्गोस लांथइमोस की फिल्म द फेवरेट ने 72वें British Academy Film & Television Arts (BAFTA-बाफ्टा) पुरस्कार समारोह में कई अवार्ड अपने नाम किये। 'द फेवरेट' को 12 श्रेणियों में नामित किया गया था और इस फिल्म में काम करने वाली ओलिविया कॉलमैन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार तथा रेचल विस्ज को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के पुरस्कार से नवाज़ा गया। इसके अलावा इसे बेहतरीन ब्रिटिश फिल्म का अवॉर्ड भी मिला। दूसरी तरफ 1970 के दशक की पृष्ठभूमि वाली कहानी पर बनी फिल्म 'रोमा' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के पुरस्कार के साथ सर्वश्रेष्ठ निर्देशन और सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफी का पुरस्कार भी 'मिला। गौरतलब है कि यह एकमात्र ऐसा अवॉर्ड है जिसके लिये आम लोग वोट करते हैं।
- मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर के बाहरी इलाके पुलाउ केरी में परंपरागत वार्षिक पूजा अनुष्ठान **'पूजा पंतई'** का आयोजन हुआ। जीवन में सुख-समृद्धि की कामना के लिये मह मेरि (Mah Meri) जनजाति के लोग समुद्र देवता से प्राथना करते हैं। इस जनजाति के लोग खुद को समुद्र में रहने वालों का वंशज मानते हैं। इनका मानना है कि समुद्र में संपदा के विपुल भंडार हैं, जिससे पृथ्वी पर रहने वाले करोड़ों लोगों का उपकार होता है। मह मेरि एक जातीय समूह है जो प्रायद्वीपीय मलेशिया के पश्चिमी भाग के मूल निवासी हैं। यह मलेशियाई सरकार द्वारा नामित 18 ओरंग असली (Orang Asli) समूहों में से एक हैं।